भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1649

13.03.2025 को उत्तर के लिए

पर्यावरणीय स्वास्थ्य विनियामक एजेंसी की स्थापना

1649. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पर्यावरणीय शासन को सार्वजनिक स्वास्थ्य संरक्षण के साथ एकीकृत करने के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य विनियामक एजेंसी (ईएचआरए) की स्थापना पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) में प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरणीय निगरानी और स्वास्थ्य प्रभाव आकलन के बीच मौजूदा विसंगति को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसी एजेंसी की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है, जिसमें इसकी संभावित संरचना और विनियामक ढांचा भी शामिल है, और यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

संभावित स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों सहित विभिन्न कारकों पर विचार करके पर्यावरणीय गुणवत्ता मानक अधिसूचित किए जाते हैं। आंकड़ों के आधार पर, प्रदूषण उपशमन हेतु विभिन्न उपाय किए जाते हैं। इनमें विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उत्सर्जन और बहिस्राव मानक निर्धारित करना, 130 शहरों में वायु प्रदूषण के उपशमन हेतु वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की शुरूआत, प्रदूषित नदी खंडों तथा गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्रों (सीपीए) और अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों (एसपीए) के संबंध में कार्य योजनाएं शामिल हैं। विभिन्न एजेंसियों द्वारा व्यापक और समन्वित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए ये सभी उपाय किए जाते हैं।

इसके अलावा, देश में पर्यावरण की स्थिति को बेहतर करने संबंधी कार्यनीतियां प्रतिपादित करने के लिए सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) तथा सचिव और महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की सह-अध्यक्षता में पर्यावरण की स्थिति को बेहतर करने के संबंध में एक शीर्ष समिति का गठन किया गया है।

*****